प्रादेशिक समाचार
24.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त की जारी, नौ करोड़ 80 लाख लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में पहुंची राशि।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में किसानों से किया संवाद, किसान सम्मान निधि योजना की राशि मिलने से राज्यभर के किसानों में उत्साह।
3. झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरु, राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा– मंईयां सम्मान और अबुआ आवास योजना से राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था हुई गतिशील।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– तेलंगाना टनल हादसे में फंसे राज्य के मजदूरों को लेकर सरकार चिंतित, तेलंगाना के अधिकारियों से लगातार संपर्क में।
5. राशनकार्ड धारकों के लिए ई–केवाईसी कराने की तारीख 31 मार्च तक बढ़ायी गयी, राज्य के 61 लाख से ज्यादा परिवारों को मिला एक महीने का अतिरिक्त समय।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। योजना के नौ करोड़ 80 लाख लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे 22 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जारी की गई। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया।

********************

किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी किये जाने के मौके पर रांची के कृषि विज्ञान केन्द्र में भी एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कृ षि विज्ञान केंद्र के उत्पादों को देखा और मौजूद किसानों से संवाद किया। श्री सेठ ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र ने क्षेत्र के किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

********************

प्रधानमंत्री द्वारा आज जारी की गयी किसान सम्मज्ञन निधि योजना की 19वीं किस्त का लाभ झारखंड के किसानों को भी मिला है। रांची के नगड़ी क्षेत्र के एक प्रगतिशील किसान प्रभात महतो कहते हैं कि यह योजना छोटे किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।

गुमला जिले के किसान भी प्रधानमंत्री की इस योजना से काफी राहत महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे खेती–किसानी के कर्ज लेने की विवशता से छुटकारा मिल गया है।

उधर, गिरिडीह में भी किसानों ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। मोतीलेडा के किसान रघुनाथ महतो ने कहा कि यह पहली सरकार है जिसने किसानों की सुध ली है।

गढ़वा जिले के किसानों ने भी इस योजना को छोटे किसानों के लिए काफी लाभदायक बताया है। महिला किसान भी इससे बेहद उत्साहित हैं।

********************

छठे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन आज राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विकसित झारखंड की यात्रा को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस यात्रा में मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशिल हुई है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि तेलंगाना टनल हादसे में फंसे हुए झारखंड के मजदूरों को लेकर राज्य सरकार चिंतित है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में झारखंड के अधिकारी तेलंगाना सरकार के वरीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। वह खुद इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं।

********************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू ने आज हजारीबाग में चार जिलों के जिला अध्यक्षों प्रखंड अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में हजारीबाग के अलावा कोडरमा, रामगढ़ और चतरा के पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

********************

निर्वाचन आयोग 4 और 5 मार्च को नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा। ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित यह पहला सम्मेलन है। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार–विमर्श करने और एक–दूसरे के अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा।

********************

केंद्र सरकार ने रा□ान कार्ड धारकों के लिए ई–केवाईसी कराने की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी है। इससे झारखंड के 61 लाख से अधिक परिवारों को अपने रा□ान कार्ड का ई–केवाईसी कराने के लिए एक माह का अतिरिक्त समय मिल गया है।

********************

चाईबासा स्थित कोल्हान विश्वविद्यालय के खाते से एक करोड़ 58 लाख रुपए की अवैध निकासी के मामले में पश्चिम सिंहभूम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में दो बैंक कर्मियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर 14 लाख 80 हजार रुपए नगद और पांच मोबाइल फोन समेत अन्य ज़रूरी दस्तावेज बरामद किए गए।

********************

राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इस बीच बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी ने नक्सलियों से समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नक्सली अगर आत्म समर्पण करते हैं तो उन्हें सरकार की नीतियों का लाभ दिया जायेगा।

********************

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में आज जनजातीय गौरव दिवस पर जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने किया। मौके पर उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। मौके पर विभिन्न कंपनियों में योग्यता के अनुसार जॉब पाने वाले युवक–युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

*******************

झारखंड के मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। हालांकि पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों के तापमान में आगामी तीन दिनों तक कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस दौरान रांची का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है।

*******************

आई.सी.सी. चौंपियंस ट्रॉफी में आज बांग्लादेश का मुकाबला न्यूजीलैंड से हो रहा है। बांगलादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में दो सौ छतीस रन बनाये हैं। इससे पहले कल रात पाकिस्तान से भारत की जीत पर देश और विदेश में जश्न का माहौल बना हुआ है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, फिल्मी हस्तियों और अन्य क्षेत्रों के दिग्गजों ने टीम इंडिया को बधाई दी है।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- पूर्वी सिंहभूम जिले के बीएड और इंजीनियरिंग कॉलेज के लगभग 2700 छात्र–छात्राओं को अब तक छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई है। आज जमशेदपुर और आसपास के छात्र–छात्राओं ने डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया डीसी अनन्य मित्तल को ज्ञापन सौंपा।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने डीएवी ग्रुप के सभी स्कूलों में विधिक सहायता केंद्र, लीगल एड क्लीनिक शुरू किया है। इसमें बच्चों को उनसे जुड़े कानूनों की जानकारी दी जाएगी और उनके अधिकारों के बारे में उन्हें बताया जाएगा।
- कोल्हान विश्वविद्यालय में विगत 2 वर्षों से कुलपति का पद रिक्त होने की वजह से सामान्य कामकाज प्रभावित हो रहा है। इसे लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद– एबीवीपी की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

*******समाप्त********